Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 18-08-2005

Participants : Pradhan Shri Dharmendra

>

Title : Alleged trafficking of young girls from Orissa to Delhi.

श्री धर्मेन्द्र प्रधान (देवगढ़) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक प्रमुख विाय सदन में उठाना चाहता हूं। उड़ीसा के सम्बलपुर जिले में जराबगा, लरियापाली, रंगियाटिकरा, बाबूनिक्तीमाल, काबरीबहाल, महुलपाली, केशईबहाल ग्राम पंचायतें और सुन्दरगढ़ जिले में पंकाडिही पंचायत हैं। यहां से लगभग 100 से अधिक की संख्या में वनवासी युवतियों को उत्तर भारत में लाया गया है। वहां एक फर्जी संस्था रांची प्लेसमैन्ट सर्विस ने फ्री प्लेसमैन्ट, नौकरी देने वाली संस्था के रूप में विज्ञापन दिया। इस तरह से वह संस्था अवैध रूप से वहां से सौ से अधिक वनवासी युवतियों को उत्तर भारत में ले आई है। उत्तर भारत के दिल्ली, चंडीगढ़, भोपाल आदि इलाकों में उन्हें विभिन्न कामों पर लगाया गया है। उनके मां-बाप ने कई प्रकार के अभियोग वहां की पुलिस के पास लगाये हैं। इल्लीगल गर्ल ट्रैफिकिंग के जरिये अवैध तरीके से इन युवतियों को यहां लाया गया है और कई तरह के अनैतिक कामों में लगाया गया है। उन्हें वहां से घर में नौकर रखने के लिए या कार्यालयों में अटैन्डैन्ट के नाते काम करने के लिए लाया गया था। लेकिन उन्हें अवैध और अनैतिक कामों में लगाया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वहां से यहां लाई गईं ये युवतियां बहुत दुकर स्थिति में हैं। इसलिए भारत सरकार निर्देश दे कि दिल्ली में जो पुलिस विभाग है, उसके द्वारा इन लड़कियों का उद्धार किया VÉÉA[R107]।

[h108]

जिन अपराधियों और एजेन्सियों ने उनको इस काम में लगाया है, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उन युवतियों को अपने घर वापस भेज दिया जाए।